(i) Printed Pages : 4

(ii) Questions : 8

Roll No. ................................

Sub. Code : | 0 | 2 | 0 | 9 |

Exam. Code : | 0 | 0 | 3 |

**B.A./B.Sc. (General) 3rd Semester**

**1125**

**HINDI (Elective) (Same for Shastri 3rd Semester)**

**Time Allowed : 3 Hours]** **[Maximum Marks : 90**

नोट :- (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) आंतरिक विकल्प के अनुरूप उत्तर दें।

(iii) सुलेख का ध्यान अवश्य रखें।

1. (क) निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:-

(i) अब भी सुधारेंगे न हम दुर्दैव वश अपनी दशा,
तो नाम शेष करेगा काल ले कर्कश कशा !
बस टिमटिमाता दीख पड़ता आज जीवन दीप है,
हा दैव ! क्या रक्षा न होगी, सर्वनाश समीप है ?

(ii) खग-कुल कुल-कुल सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा;
लो यह ललिका भी भर लाई
मधु मुकुल नवल रस गागरी।

(iii) है वही मुक्ति का सत्य रूप,
यह कूप-कूप भव अंध कूप;

वह रंक, यहां जो हुआ भूप, निश्चय रे।
चाहिए उसे और भी और
फिर साधारण को कहां ठौर ?

(iv) एक ग्रंथि भी नहीं पड़ी है
उसके सरल मृदुल उर में,
उसका कैसा कर्म-योग है,
वह चंचल है, या अविचल। 5×2=10

(ख) प्रकृति के चितेरे कवि सुमित्रानन्दन पन्त का परिचय दें :-

**अथवा**

श्रद्धा कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। 8

2. किसी **एक** गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :-

(क) अतृप्त वासनाओं का नाम ही मन है, और यही मन दु:ख की सृष्टि करता है-- यह तो दृश्यमान जगत है, इसके भीतर भी एक अदृश्य जगत् है। दोनों गतिमान हैं। यहाँ हर वस्तु सबकी है और कोई भी वस्तु किसी की नहीं। यहां देकर ही पाया जाता है और त्यागकर ही भोगा जाता है।

**अथवा**

बेचे प्रानी तीन यह आज सरे बाज़ार
तीन सहस्त्र स्वर्ण मुद्रा की इनको है दरकार
बिक रहें है ये प्रानी तीन जिसे दरकार हो चला आए। 5

(ख) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक के नामकरण की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक के आधार पर लौका का चरित्र-चित्रण कीजिए। 8

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दें :-

(i) 'वाचाल' शीर्षक कविता में ध्वनित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'जाग री' कविता की विशेषताएँ लिखें।

(iii) कवि वीणावादिनी से क्या वर माँगता है ?

(iv) जीतन के सपनों का भारत कैसा था ?

(v) बिकने के लिए विश्वामित्र किन्हें और कहां ले गए ?

(vi) हरिश्चन्द्र के बिकने पर शैव्या ने क्या प्रतिक्रिया की ? 9

4. रीतिकाल के नामकरण के औचित्य की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

रीतिमुक्त काव्य की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 8

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दें :-

(i) उद्‌बोधन कविता गुप्त जी की किस काव्य कृति में संकलित है ?

(ii) सिद्धार्थ बुढ़े व्यक्ति को देखकर क्या सोचने लगे ?

(iii) 'विषाद' कविता में 'प्रकृति के करुण काव्य सा ' किसे कहा गया है ?

(iv) श्रद्धा कविता कवि की किस रचना से उद्‌घृत है ?

(v) 'प्रकृति के चितेरे' किस कवि को कहा जाता है ?

(vi) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' साहित्य की कौन सी विधा है ?

(vii) लौका की भूमिका किसने निभाई ?

(viii) हरिश्चन्द्र ने अतृप्त वासनाओं का नाम क्या बताया है ?

(ix) 'स्त्रीत्व से भी बड़ा स्त्री का व्यक्तित्व है' कथन किसका है ?

(x) पतुरिया अपने आपको कहां की नगरवधु कहती है ?

(xi) किन्हीं दो रीतिबद्ध कवियों के नाम लिखें।

(xii) प्रेम की पीर' के कवि किसे कहा जाता है ?

(xiii) बिहारी सतसई का प्रमुख रस क्या है ?

(xiv) रीतिकालीन समाज में नारी की स्थिति कैसी थी ?

(xv) रीतिकाल का कोई अन्य प्रचलित नाम लिखें। 10

6. नाटक की परिभाषा सम्बन्धी विभिन्न विद्वानों का मतोल्लेख कीजिए।

**अथवा**

नाटक के तत्वों का विवेचन कीजिए। 7

7. निर्देशानुसार कीजिए :-

(i) समाकृति भिन्नार्थक शब्द युग्म स्पष्ट कीजिए।(कोई **तीन**)

अगम-आगम, अंस-अंश, अनल-अनिल, अग-अघ

(ii) स्वर सन्धि किसे कहते है ?

(iii) सन्धि-विच्छेद कीजिए। (कोई **तीन**)

सत्यार्थ, तल्लीन, परमेश्वर, सदैव

(iv) वाक्य शोधन कीजिए। (कोई **तीन**)

(क) बेटी पराया धन होता है।

(ख) चिड़िया वृक्ष में बैठी है।

(ग) मैं अपने मित्र को मिला।

(घ) उसे अपने आप पढना है।

(v) विराम चिह्न लगाएं - छायावादी कवि जहां एक ओर प्रकृति के प्रति नया दृष्टिकोण नया संवेदनबोध भावुकता और आत्मीयता लेकर आया वहीं उसने अपनी कविता को मानवीकरण अप्रस्तुत विधान, सूक्ष्म सौन्दर्य से अलंकृत कर दिया। 3×5=15

8. किन्हीं **दस** शब्दों का हिन्दीं रूप दें :-

Affidavit, Agent, Approval, Ban, Bureau, Civil, Collector, Custody, Dissent, Eligible, Grant, Judgment, Faculty, Tender, Public. 10